रणजीत टाइम्स
वर्ष : 1, अंक: 92 इंदौर, गुरुवार 6 मार्च 2025
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
DIGITAL EDITION




## मध्यप्रदेश के बस्ते से निकला

# संघ का हीरा

## मामा का करिश्मा

### एक युग, एक पहचान

**रंजीत टाइम्स परिवार » प्रवेश सिंह**

मेरी उम्र और मेरे लहजे के हिसाब से जिनसे आपको मुलाकात करवा रहा हूं, वो शख्सियत मामा या भाई के नाम से पूरे खेमे में जानी जाती है। बात हो रही है शिवराज सिंह चौहान की, जो बने तो एक एक्सीडेंटल मुख्यमंत्री, लेकिन मध्यप्रदेश की राजनीति को ऐसा क्या पता था कि जिनके नाम से वो अनजान थे, वही उनका भविष्य गढ़ेंगे। शिवराज सिंह चौहान ने लाड़ली बहना योजना से लेकर हर वह काम किया, जो प्रदेश की जनता की महत्वाकांक्षा थी। खासकर, माता-बहनों के लिए वे सिर्फ एक नेता नहीं, बल्कि रोल मॉडल बन गए। कहते हैं, आरोप-प्रत्यारोप भी उसी पर लगते हैं, जिसकी छवि बेदाग हो—शिवराज पर भी व्यापम जैसे बड़े आरोप लगे, लेकिन वे हमेशा साफ-सुथरी छवि के साथ आगे बढ़ते रहे।

### प्रदेश की तक़दीर बदलने वाले मामा

आज अगर प्रदेश हर गांव तक बिजली पहुंचाने में सफल हुआ है, तो यह शिवराज सिंह की विकासशील सोच का ही नतीजा है। जब दिग्विजय सिंह की सरकार में हर रात बिजली गुल हो जाना आम बात थी, तब शिवराज ने "हर घर रोशन" का सपना साकार किया।

आज भी जो सूबे के मुख्यमंत्री हैं, वो भी मानते हैं कि शिवराज सिंह जैसा प्रखर व्यक्तित्व मिलना मुश्किल है।

### मामाः हर दिल अज़ीज़

चाहे रंज-ओ-ग़म का मौका हो या खुशियों का जश्न, मामा हर दिल पर राज करते हैं।

चाहे कोई 18 साल का नौजवान हो या 80 साल का बुजुर्ग, शिवराज हर वर्ग के प्रिय हैं।

शिवराज सिंह को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं आज जब प्रदेश उनके जन्मदिन पर उन्हें याद कर रहा है, तो हम भी उनके जनसेवा के संकल्प को नमन करते हैं।

गोपाल गावंडे जी के नेतृत्व में पूरे रणजीत परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं! "आप निरंतर किसानों, गरीबों और मध्यप्रदेश की सेवा में लगे रहें, यही हमारी कामना है।"



## क्राइम ब्रांच की
# बडी कार्यवाही

**रंजीत टाइम्स » इंदौर**

5 लाख की रिश्वत लेते A.S.I गिरफ्तार A.S.I पवन रघुवंशी रिश्वत मामले में निलबिंत पवन रघुवंशी सहित थाना प्रभारी जितेंद्र गडवाल A.S.I मनोज सिंह प्रधान आरक्षक धर्मेंद्र पर गिरी गाज।

### कमिश्नर साहब ने किये आदेश जारी

पवन रघुवंशी के घर से रिश्वत के 15 लाख रु. और ए. टी. एस. कम्पनी के जप्त कम्प्यूटर और प्रिंटर बरामद वरिष्ठ अधिकारियो समेत लगभग 50 जवानो ने दी एक साथ दी दबिश A. S. I से हो रही पुछताछ कि रिश्वत के पैसे के बटबारें में कौन - कौन है हिस्सेदार A. S. I पवन रघुवंशी के अवैध निर्माण पर भी है प्रशासन की नजर बगल के प्लाट और गार्डन पर भी है पवन



रघुवंशी का कब्जा भष्टाचार से बनाई सम्पति और कमाई के साधनों पर भी पुलिस की नजर बहुत दिनो से लगातार शिकायत मिलने से भोपाल कमिश्नर का एक्शन।

## लाला जी टेंट हाउस में लगी
# भीषण आग

### आश पास रहवासी छेत्र किसी प्रकार की घटना होती हे तो जवाबदार कौन



**धार। रोड स्थित जवाहर टेकरी के ग्राम शिहाशा के लाला जी टेंट हाउस में लगी भीषण आग मौके पर पुलिस प्रशासन एवं फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौजूद आग से किसी प्रकार की कोई जन हानि नहीं हुई आश पाश पूरा ग्रामीण क्षेत्र यदि किसी प्रकार की जन हानि होती हे तो जवाबदार कौन कब तक जवाब दार रहेंगे मोन।**

**विशेष अभियान, 01 लाख रुपए से अधिक का शमन शुल्क वसूला**

# परिवहन विभाग द्वारा स्कूल बसों की जांच के लिए चलाया जा रहा हैं अभियान

### परिवहन विभाग ने हाटपीपल्या एवं बागली तहसील में कार्रवाई कर 01 लाख रुपए से अधिक का शमन शुल्क वसूला

देवास। कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार परिवहन विभाग द्वारा जिले में संचालित होने वाली स्कूल बसों की जांच के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत हाटपीपल्या एवं बागली क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में संचालित हो रहे शैक्षणिक संस्थानों के स्कूल बसों की जॉच की गई ।

चेकिंग कार्यवाही के दौरान देवास जिले के हाटपीपल्या एवं बागली तहसील के ओक्ट्री पब्लिक स्कूल हाटपीपल्या, किड्स टेम्पल स्कूल, ऑक्सफोर्ड स्कूल हाटपीपल्या, माँ उमिया स्कूल करनावद, परफेक्ट इंग्लिश स्कूल हाटपीपल्या, सेंट जॉन स्कूल हाटपीपल्या, वसुन्धरा पब्लिक स्कूल पुंजापुरा, स्वामी विवेकानन्द स्कूल पुंजापुरा, गायत्री स्कूल पुंजापुरा

**जिले में वाहनों की चेकिंग का अभियान लगातार रहेगा जारी**




तथा रानी मारिया स्कूल उदयनगर एवं मार्ग पर संचालित अन्य शैक्षणिक संस्थान के लगभग 82 स्कूल बसों को चैक किया गया। जिसमें सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के अनुरूप मापदण्ड पूर्ण होने संबंधी जॉच की गई।

जांच में 21 वाहनों के दस्तावेजों में अनियमितताएं पाए जाने पर चालानी कार्यवाही की तथा 01 लाख 03 हजार रुपए का शमन शुल्क वसूल किया।

### चेकिंग के दौरान स्कूल बस संचालकों को निर्देशित किया गया

अपनी-अपनी वाहनों को सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन के अनुसार निर्धारित मापदण्ड पूर्ण करने पर तथा निर्धारित दस्तावेज पूर्ण होने पर ही मार्ग पर संचालित करें। साथ ही क्षेत्र में संचालित होने वाली वाहनों को चेककर वाहन स्वामियों को निर्देशित किया गया कि वे अपनी वाहनों के पीयूसी प्रमाण पत्र मान्यता प्राप्त प्रदूषण जॉच केन्द्र से शीघ्र बनवा लेंवे। आगामी कार्यवाही में पीयूसी नहीं पाए जाने पर दण्डात्मक चालानी कार्यवाही की जावेगी। परिवहन विभाग द्वारा मार्ग पर वाहनों की चेकिंग कार्यवाही लगातार जारी रहेगी।







**शिवपुरी पुलिस ने लौटाए 18 लाख के मोबाइल**

# एमपी सहित अन्य राज्यों से बरामद किए 100 गुम और चोरी हुए फोन

**रंजीत टाइम्स**

**शिवपुरी। पुलिस ने बुधवार को गुम और चोरी हुए 100 मोबाइल फोन उनके मालिकों को वापस लौटाए। कार्यक्रम पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित किया गया। एसपी अमन सिंह राठौड़ और एडिशनल एसपी संजीव मुले ने लोगों को मोबाइल सौंपे। बरामद किए गए मोबाइल की कीमत लगभग 18 लाख रुपए है। साइबर शाखा की टीम ने मध्यप्रदेश के अलग-अलग जिलों और अन्य राज्यों से इन मोबाइल फोन को बरामद किया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि साइबर टीम लगातार गुम और चोरी हुए मोबाइल की ट्रैकिंग करती रहती है। मोबाइल पाने वालों में कई छात्राएं भी शामिल थीं।**

## समय रहते ट्रेस किया जा सकता है फोन

एसपी ने नागरिकों से अपील की है कि मोबाइल गुम या चोरी होने पर तुरंत पुलिस में शिकायत दर्ज कराएं। इससे समय रहते मोबाइल को ट्रेस कर वापस दिलाया जा सकता है। मोबाइल वापस पाकर लोगों ने पुलिस प्रशासन का आभार जताया और साइबर टीम की सराहना की।

# तेज रफ़्तार मिनी ट्रक ने आरक्षक को कुचला, मौके पर दर्दनाक मौत :शादी समारोह में शामिल होने बाइक पर सवार होकर जा रहा था

**रंजीत टाइम्स**

शिवपुरी। पोहरी अनुविभाग के गोवर्धन थाना क्षेत्र में तेज रफ़्तार मिनी ट्रक की टक्कर से एक पुलिस आरक्षक की दर्दनाक मौत हो गई। घटना गोवर्धन थाना क्षेत्र के पोहरी-मोहना मार्ग पर रात 10:15 बजे की हैं। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद वाहन के ड्राइवर ने मौके से भागने का प्रयास किया था। लेकिन पुलिस ने पीछा कर वाहन को पकड़ लिया। पुलिस ने वाहन जप्त कर ड्राइवर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया हैं। आज बुधवार को शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।जानकारी के मुताबिक़ ग्वालियर के रमहुआ गांव के रहने वाले 39 वर्षीय हजारी लाल बघेल वर्तमान में गोवर्धन थाना में आरक्षक के पद पर सेवाएं दे रहे थे। मंगलवार को गोवर्धन थाना क्षेत्र के रामपुरा गांव में आयोजित शादी समारोह में थाना प्रभारी सहित स्टाफ को आमंत्रित किया गया था। आरक्षक हजारी लाल बघेल इसी शादी समारोह में शामिल होने बाइक से जा रहे थे। तभी पीछे से एक मिनी ट्रक ने



उनकी बाइक में टक्कर मार दी थी।दुर्घटना के दौरान मिनी ट्रक का पहिया आरक्षक के सिर के ऊपर से गुजर गया था। जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई।आरक्षक हजारी लाल बघेल के निधन से पुलिस महकमे में शोक लहर हैं।

# भागवत कथा में बच्चों के गले से लॉकेट चुराया: शिवपुरी में एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरा फरार; सोने का लॉकेट बरामद




**रंजीत टाइम्स**

शिवपुरी जिले की पिछोर पुलिस ने भागवत कथा में नाबालिगों के गले से सोने के लॉकेट चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से एक सोने का लॉकेट बरामद किया गया है।

पिछोर के बाचरौन गांव के बीजासन माता मंदिर में चल रही भागवत कथा के दौरान यह वारदात हुई। दो और तीन मार्च को दो अलग-अलग बच्चों के गले से लॉकेट चोरी किए गए। अभि साहू और आरुषि साहू नाम के बच्चों के परिजनों ने पिछोर थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। थाना प्रभारी जितेन्द्र मावई के अनुसार, पुलिस ने खनियाधाना के नयागांव निवासी विवेक उर्फ दम्मा को गिरफ्तार किया है। विवेक भूरेलाल बंशकार का बेटा है। दूसरा आरोपी राहुल लोधी अभी फरार है। वह भौंरट थाना खनियाधाना का रहने वाला है। पुलिस राहुल की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयास कर रही है।

## वूमंस प्रेस क्लब ने किया प्रतिभाओं का सम्मान

# आदिवासी महिलाओं के प्रोत्साहन के लिए रैंप पर उतरी कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया

## ट्राइबल फैशन शो में रैंप पर उतरीं आदिवासी महिलाएं

रंजीत टाइम्स » उत्सव सोनी



**इंदौरः अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में वूमंस प्रेस क्लब,मप्र द्वारा गाँधी हॉल में ट्राइबल फैशन शो का आयोजन किया गया। जिसमें प्रोफेशनल मॉडल की जगह आदिवासी समाज की महिलाएं परम्परागत वेशभूषा के साथ रैंप पर उतरी। आदिवासी अंचलों की महिलाओं ने रैंप वॉक पर अपने पारंपरिक परिधान, आभूषण, भगोरिया नृत्य, गुड़िया कला, पिथोरा कला एवं आदिवासी लोक चित्रकला का प्रदर्शन किया।**

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया शामिल हुई और आदिवासी महिलाओं के प्रोत्साहन के लिए रैम वॉक भी किया कैबिनेट मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि मैं खुद उस क्षेत्र से आती हु और आदिवासी अंचलों की महिलाओं का संघर्ष देखा है और करीब से महसूस भी किया है जब मुझे पता चला कि वूमंस प्रेस क्लब मध्यप्रदेश, आदिवासी महिलाओं का ट्राइबल फैशन शो करवा रहा है और उसमें मेरी बहने हिस्सा ले रही है तो मैं अपने आप को रोक नहीं पाई मैं अपनी बहनों का साथ देने और उनको प्रोत्साहित करने खुद चली आई, धीरे-धीरे आधुनिकता के दौर में हमारी प्राचीन संस्कृति विलुप्त होते जा रही है। आज इस मंच पर पहली बार मैने आदिवासी परंपरा और संस्कृति परिधान का प्रदर्शन देखा जो अदभुत है, अपनी परम्परा को सहेजने और उसको बढ़ावा देने के लिए मुझसे जो मदद हो सकेगी वह मै हर संभव प्रयास करूंगी। अध्यक्षता सांसद शंकर लालवानी ने की। विशेष अतिथि भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती, स्तंभ लेखक एवं ब्लॉगर प्रवीण कक्कड़, विधायक गोलू शुक्ला,सेंट्रल जेल अधीक्षक अलका सोनकर विनीत शर्मा बिजनेस हेड ओमेक्स ग्रुप, वरिष्ठ पत्रकार जीतेन्द्र सोनी, पं. योगेन्द्र महंत एवं कांग्रेस नेता रीना बोरासी मौजूद रहे। अतिथियों ने कहा कि आदिवासी अंचल की महिलाओं के माध्यम से आदिवासी कला को व्यापक मंच देकर वूमंस प्रेस क्लब ने अपने नाम को चरितार्थ किया है।



### इनका हुआ सम्मान

इस अवसर पर मंत्री महोदया एवं अन्य अतिथियों ने अपनी लेखनी से समाज में जनचेतना जागृत करने एवं सामाजिक कार्यों से समाज में विशेष योगदान देने वाले डॉ. प्रशांत चौबे एडिशनल एस.पी. विदिशा, श्री राजेश दंडोतिया एडिशनल डीसीपी क्राइम ब्रांच इंदौर,सुदीप मीणा डिप्टी कलेक्टर इंदौर, महेंद्र सोनगिरा संपादक, एमपी न्यूज़ इंदौर, श्री रंजीत सिंह सिंघम यातायात पुलिस इंदौर, गोविंद माहेश्वरी सामाजिक कार्यकर्ता, डॉ. मोहिनी वर्मा वरिष्ठ पत्रकार, धार, श्रीमती रागनी सोनी एजीएम एडमिन ओमेक्स ग्रुप, जीतू सोनी जनरल मैनेजर ओमैक्स ग्रुप, सुश्री गायत्री शर्मा बिजनेस वुमन एवं डॉ. चेतना दीक्षित दंत एवं मुख रोग विशेषज्ञ को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। अतिथियों ने वूमंस प्रेस क्लब की स्मारिका शक्ति का विमोचन भी किया।



### जज के रूप में मधु दवे,पूजा सिंहल, डॉ प्रीति जैन दिनेश वर्मा साजिद निजामी ऋतु केडिया प्रतिभा मित्तल

प्रारम्भ में अतिथियों का स्वागत वूमंस प्रेस क्लब की अध्यक्ष शीतल रॉय, महासचिव रितु साहू एवं स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल ने किया। कार्यक्रम का संचालन सुनयना शर्मा एवं एंकर डॉ करिश्मा चौहान ने किया झाबुआ टीम की कोर्डिनेटर तृप्ति वैरागी और शो के डायरेक्टर एवं कोरियोग्राफर डॉ अभिनीत सिंह । मेकअप लेक्मे एकेडमी ने किया । ड्रेस डिजाइन संकेत ,प्राची तिवारी ,हिना शर्मा और रवि परिहार ने किया।

## सरोजिनी नगर में विधायक राजेश्वर सिंह ने किया जनहित में सराहनीय कार्य

सरोजिनी नगर विधानसभा क्षेत्र में विधायक राजेश्वर सिंह ने एक बार फिर जनहित में तत्परता दिखाते हुए बड़ी समस्या का समाधान किया। कई महीनों से क्षेत्र में एक सरकारी हैंडपंप खराब पड़ा था, जिससे स्थानीय निवासियों को पानी की गंभीर समस्या का सामना करना पड़ रहा था। इस समस्या की जानकारी जैसे ही विधायक राजेश्वर सिंह को मिली, उन्होंने तुरंत संज्ञान लेते हुए लखनऊ नगर निगम की अधिकारी सुषमा खरकवाल को सूचित किया। उनके निर्देश पर मात्र छह दिनों के भीतर हैंडपंप का रिबोर कार्य पूरा कर दिया गया, जिससे वार्डवासियों को बड़ी राहत मिली। स्थानीय लोगों में खुशी, विधायक व प्रशासन का आभार व्यक्त

हैंडपंप के ठीक होने के बाद मोहल्ले के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। इस मौके पर राष्ट्रीय हित व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष मलिक मोहम्मद ने कहा कि हैंडपंप खराब होने से क्षेत्रवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा था, लेकिन विधायक जी की तत्परता से यह समस्या जल्द ही हल हो गई। इस उपलक्ष्य में स्थानीय निवासियों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। हिंदू-मुस्लिम एकता का परिचय देते हुए सभी समुदायों के लोगों ने अपने-अपने धार्मिक रीति-रिवाजों के अनुसार प्रार्थना की। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व विधायक राजेश्वर सिंह का आभार व्यक्त किया गया और उनके प्रयासों की सराहना की गई।

विकास कार्यों की सराहना, क्षेत्र में प्रगति की कामना- इस अवसर पर बालाजी मंदिर के अध्यक्ष पिंटू यादव को बुलाकर हैंडपंप का विधिवत शुभारंभ करवाया गया। उन्होंने विधायक राजेश्वर सिंह, नगर निगम की टीम तथा वार्ड नंबर 10 प्रथम की पार्षद गीता देवी का धन्यवाद किया।

स्थानीय लोगों ने आशा व्यक्त की कि विधायक राजेश्वर सिंह के नेतृत्व में क्षेत्र में इसी प्रकार विकास कार्य होते रहेंगे और जनसमस्याओं का समाधान शीघ्र किया जाएगा। इस कार्यक्रम में अखिलेश राजभर, पीर मोहम्मद, आसिफ मोहम्मद, राज संजीव कुमार महेंद्र यादव सूरज कुमार राजभर सखी चंद्रा राजभर अनवर अली सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने विधायक जी की कार्यशैली की सराहना करते हुए उन्हें पुनः विधानसभा में चुनने की कामना की।



# भारतीय किसान संघ तहसील इकाई हाटपिपलिया संगठन का स्थापना दिवस मनाया गया




इस अवसर पर भगवान बलराम एवं भारत माता का पूजन उपस्थित संगठन के पदाधिकारीयो द्वारा किया गया कार्यक्रम में उपस्थित जिला अध्यक्ष हुकम पटेल के द्वारा उपस्थित सदस्यों को संबोधित करते हुए बताया गया कि राष्ट्रऋषि श्रद्धेय दत्तोपंत ठेंगड़ीके द्वारा राजस्थान प्रांत के कोटा शहर में 4 मार्च 1979 को नामकरण एवं संगठन की उद्घोषणा की गई संगठन भाव दृढ़ हो इसका स्मरण कराना इस उत्सव का उद्देश्य रहता है ।

भारतीय किसान संघ की स्थापना विश्व के प्रसिद्ध महान चिंतक एवं विचारक दत्तोपंत ठेंगड़ी की प्रेरणा से हुई थी भारतीय किसान संघ किसानों का किसानों के लिए किसानों द्वारा चलाए जाने वाला राष्ट्रवादी गैर राजनीतिक संगठन है यह किसी भी राजनीतिक दल या राजनेता का पिछलगु किसान संगठन नहीं कोई भी सरकार जितनी मात्रा में किसानों के हित में काम करेगी उतनी ही मात्रा में भारतीय किसान संघ सहयोगात्मक दृष्टिकोण अपनाएगा भारतीय किसान संघ किसानों का एकमात्र ऐसा संगठन है जिसका काम सारे भारतवर्ष में है वर्तमान में देश के सभी प्रांतों में सक्रिय काम कर है वर्तमान में 60 हजार गांव में 42 लाख की सदस्यता है और अधिकतर गांवों के किसान संपर्क में है।

किसानों के विषय लेकर क्षेत्र या स्थान विशेष में शोर मचान वाले स्थानीय संगठन कुछ दूर तक चलेंगे परंतु शांत हो जाएंगे लेकिन भारतीय किसान संघ तो देशभर में कार्यरत है एक सात्विक शक्ति है और सात्विक शक्ति ही समृद्धि और खुशहाली लाती है इसलिए इस समय संपूर्ण देश में भारतीय किसान संघ की आवश्यकता है । स्थापना दिवस हमारे चार उत्सव में से एक उत्सव है जिसे हम समर्पण दिवस के रूप में मनाते है इस अवसर पर तहसील प्रभारी हरीश मंडलोई जी ने तहसील में अन्य संग्रह का लक्ष्य 100 कुंटल गेहूं का दिया इस अवसर पर जिला किसान युवा वाहिनी संयोजक माखन नाहर जिला कार्यकारिणी सदस्य गोकुल सिंह चौहान तहसील अध्यक्ष रामनारायण यादव मंत्री ओमप्रकाश मंडलोई उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह सेंधव महेश मंडलोई अनिल शर्मा उमेश चौधरी दिलीप मंडलोई ओम मुक्ति रवि यादव राजपाल संधू ओम प्रकाश भाई जी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थें यह जानकारी तहसील प्रचार प्रसार प्रमुख प्रेम कारपेंटर द्वारा दी गई ।



## अवैध मदिरा के विरुद्ध अतिसंवेदनशील स्थानों पर कार्यवाही कर 3,00,000(तीन लाख रुपए) की अवैध मदिरा व मदिरा बनाने की सामग्री जप्त

ऋषभ जयसवाल

खरगोन।आबकारी आयुक्त म.प्र. द्वारा जारी निर्देशों के आलोक में खरगोन जिले में कलेक्टर श्रीमती भव्या मित्तल के आदेश तथा सहायक आबकारी आयुक्त श्री अभिषेक तिवारी के निर्देश पर अवैध मदिरा के विरुद्ध चलाये जा रहे लगातार विशेष अभियान के तहत वृत्त- कसरावद में प्रभारी अधिकारी आबकारी नियंत्रण कक्ष, सजेन्द्र मोरी के मार्गदर्शन में अवैध मदिरा विक्रेताओं पर कार्रवाई कर ग्राम भीलगांव तथा चिचलाय के जंगल व मक्के के खेत में अलग-अलग स्थान पर कार्यवाही कर वृत्त प्रभारी ओमप्रकाश मालवीय आबकारी उपनिरीक्षक द्वारा म.प्र. आबकारी अधिनियम की धारा 34(1) क,च के तहत 06 प्रकरण दर्ज कर 03 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। 120 लीटर हाथ भट्टी मदिरा, तथा 2800 किलोग्राम महुआ लहान जप्त कर महुआ लहान के सेम्पल लेकर शेष लहान नष्ट किया गया। कार्वाइ में जब्त अवैध मदिरा तथा सामग्री का कुल अनुमानित मूल्य रु.3,00,000/-है। अवैध मदिरा के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही निरन्तर जारी रहेगी।उक्त कार्यवाही में वृत के आबकारी आरक्षक शिवनारायण कटारे,रिता सिंगोरिया का योगदान रहा।

## नर्मदा परिक्रमा दल ने कन्या विद्यालय में छात्राओं को बांटे उपहार



दीपक तोमर खरगोन

महेश्वर ।शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, महेश्वर में आज एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन हुआ। नर्मदा परिक्रमा के श्री सिद्धि वेंकटेश देवस्थान, जलगांव पालधी से आए दल ने विद्यालय की छात्राओं को छाता, बैग, स्वेटर, स्टडी किट और कुर्सियां भेंट कीं। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के प्रति प्रोत्साहित करना और उन्हें अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राएं और शिक्षक उपस्थित थे। विद्यालय के प्राचार्य ब्रजकांत शुक्ला ने कार्यक्रम के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं और नर्मदा परिक्रमा दल का आभार व्यक्त किया। नर्मदा परिक्रमा दल के सदस्यों ने कहा, "हमारा उद्देश्य छात्राओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने में मदद करना है। हमें उम्मीद है कि यह छोटा सा योगदान उनके भविष्य को उज्ज्वल बनाने में सहायक होगा। हमारी संस्था हमेशा से शिक्षा और समाज कल्याण के क्षेत्र में सक्रिय रही है और हमें विश्वास है कि यह कार्यक्रम छात्राओं के लिए लाभकारी सिद्ध होगा।" विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य मो. ताहिर अली ने कहा, "हम नर्मदा परिक्रमा दल के आभारी हैं कि उन्होंने हमारी छात्राओं को आवश्यक सामग्री प्रदान की।

यह उनकी ओर से एक सराहनीय कदम है। हमें उम्मीद है कि यह सामग्री छात्राओं को अपने शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने में मदद करेगी।" कार्यक्रम के अंत में, छात्राओं ने नर्मदा परिक्रमा दल को धन्यवाद दिया और उन्हें विश्वास दिलाया कि वे इस सामग्री का उपयोग अपने शैक्षिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए करेंगी। कार्यक्रम को विद्यालय के शिक्षक श्रीमती संध्या चौहान, श्री प्रवीण भावसार, श्री भास्कर राव भंगाड़े, श्रीमती अर्चना तारे, श्रीमती मंजू सिंह सागर, सुश्री गायत्री राणे, श्री बाबूलाल साहू, श्रीमती चंचला सोनी, श्रीमती संगीता कटारे, श्री इसरार शेख, श्रीमती प्रियंका बुंदेला, श्रीमती वर्षा गौड़, श्रीमती मंजुला कुलश्रेष्ठ, श्रीमती रानू खान, श्रीमती सुमति शिंगारे, श्रीमती शारदा चौहान, श्री मनोहर धनगर, श्रीमती रंजना खेडेकर, श्रीमती निशा भालसे और श्री दुर्गेश सिंह मंडलोई ने उपस्थित होकर सफलता पूर्वक संपन्न करवाया।

# बजरंग दल के शौर्य कुंभ का आयोजन इंदौर में होगा

दीपक तोमर



खरगोन सनावद - विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल की सनावद प्रखंड बैठक स्थानीय शीतला माता मंदिर परिसर में आयोजित की है।बैठक में विहिप बजरंग दल के आगामी 16 मार्च को त्रिशूल दीक्षा एवं 29 मार्च को बजरंग दल शौर्य कुंभ की तैयारियों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक में विभाग संयोजक जितेंद्र राठौर,राजा चौरसिया,जिला मंत्री नितिन करड़क ने कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। सभी कार्यकर्ता त्रिशूल दीक्षा कार्यक्रम में भाग लेने हेतु अपने क्षेत्र से खंड स्तर तक आएंगे। बस्ती व खंड स्तर पर कार्यक्रम 16 तथा 17 मार्च को किया जाएगा और कार्यकर्ताओं को गणवेश की टी शर्ट उपलब्ध कराई जाएगी। तत्पश्चात 29 मार्च को इंदौर में सभी कार्यकर्ताओं का एकत्रीकरण (कुंभ) होगा। इसमें पूरे मालवा प्रांत के कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे। बैठक में धर्मेंद्रसिंह पंवार,राज तवर,राजेंद्र ठाकुर,अमित यादव,आशीष टांक,अशोक राव,संदीप पंवार, सुमित बेसवार,राजेश तवर,बबलू पांडे,रीतेश यादव,दीपक गुप्ता,रोहित प्रजापत,अश्विन पुरोहित सहित प्रखंड के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# नेशनल लोक अदालत के प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखांकर रवाना किया गया

दीपक तोमर



मंडलेश्वर।आगामी नेशनल लोक अदालत का आमजन में जागरूकता के उद्देश्य से जिला न्यायालय परिसर मण्डलेश्वर से प्रचार वाहन को प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वरअखिलेश जोशी द्वारा हरी झण्डी दिखाकररवाना किया गया। इसके पश्चात प्रधान जिला न्यायाधीश द्वारा न्यायालय के सभागृह में दिनांक 08 मार्च 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत में राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण हेतु समीक्षा बैठक आयोजित की गई, जिसमें न्यायालयीन लंबित प्रकरणों में से राजीनामा योग्य आपराधिक मामले, सिविल मामले, पारिवारिक विवाद, कुटुम्ब न्यायालय के मामले, मोटर दावा प्रकरणों के निराकरण हेतु अधिवक्ताओं से चर्चा की गई।

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष अखिलेश जोशी द्वारा अधिवक्ताओं से कहा कि नेशनल लोक अदालत में विभिन्न राजीनामा योग्य प्रकरणों को निपटारे का एक बेहतर माध्यम है। लोक अदालत में सभी अभिभाषक अपना सहयोग दे, जो प्रकरण राजीनामा योग्य है, उसका निपटारा लोक अदालत के माध्यम से किया जा सकता हैं। इस दौरान विशेष न्यायाधीश एवं प्रभारी नेशनल लोक अदालत मोहम्मद मूसा खान एवं तृतीय जिला न्यायाधीश मसूद एहमद खान ने अधिवक्ताओं से कहा कि लोक अदालत में रखे जाने वाले प्रकरणों के निराकरण में आने वाली समस्याओं के लिए सुझाव दिये एवं लोक अदालत को सफल बनाने में सबके सहयोग की बात कही गई। अध्यक्ष, जिला अधिवक्ता संघ कार्तिक जोशी द्वारा नेशनल लोक अदालत की सफलता हेतु राजीनामा योग्य प्रकरणों के निराकरण करने में सभी अधिवक्ताओं के सहयोग देने की बात कही गयी। कार्यक्रम का आभार सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, मण्डलेश्वर प्रीति जैन ने किया।

उक्त बैठक में श्रीमती मैरी मार्गेट फ्रासिंस डेविड, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय मण्डलेश्वर, चतुर्थ जिला न्यायाधीश सुजीत कुमार सिंह, प्रथम जिला न्यायाधीश भगवानदास राठौर, द्वितीय जिला न्यायाधीश दीपक चैधरी, न्यायाधीश महेन्द्रसिंह, शिवांगनी भट्ट, अध्यक्ष जिला अधिवक्ता संघ मण्डलेश्वर कार्तिक जोशी, सचिव, अधिवक्ता संघ अजय कुमार वर्मा एवं अधिवक्तागण जी.डी.अग्रवाल एस.एल.यादव, सी.एस. शर्मा, सौरभ कुशवाह, रूपेश शर्मा, निशा कौशल, अन्य अधिवक्तागण एवं पैरालीगल वालेन्टियर दुर्गेश राजदीप एवं जोजू एम आर उपस्थित रहे।

# अवैध मादक पदार्थो की गतिविधियों के विरुद्ध, पुलिस थाना जूनी इन्दौर की कार्यवाही में 03 गांजा तस्कर धराएं

- महिला आरोपी व उसके 2 साथियों को, 2 किलो अवैध गांजा के साथ किया गिरफ्तार।
- आरोपी उज्जैन से लाकर इन्दौर में करते थे गांजे की तस्करी।

इन्दौर शहर में अपराधों पर नियंत्रण हेतु अवैध मादक पदार्थों की तस्करी व इनकी गतिविधियों में संलिप्त बदमाशों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देश पुलिस आयुक्त इन्दौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के अनुक्रम में अति. पुलिस आयुक्त इन्दौर (कानून व्यवस्था) श्री अमित सिंह एवं पुलिस उपायुक्त जोन-4 इन्दौर श्री ऋषिकेष मीणा द्वारा तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही के निर्देशो के तारतम्य में अति. पुलिस उपायुक्त जोन-4 श्री आनंद यादव व सहायक पुलिस आयुक्त अनुभाग जूनी इन्दौर श्री देवेन्द्र सिंह धुर्वे के द्वारा भी थानों को निर्देशित किया गया हैं ।




इसी अनुक्रम में थाना प्रभारी जूनी इन्दौर अनिल कुमार गुप्ता के द्वारा थाना जूनी इन्दौर की टीम को मादक पदार्थ की तस्करी पर अंकुश लगाने हेतु मुखबीर तंत्र मजबूत करने और मादक पदार्थ की सप्लाई एवं विक्रय करने वाले संदिग्ध व्यक्ति एवं संदिग्ध वाहनों की तलाश एवं धरपकड़ हेतु लगाया गया । दिनांक 04.03.2025 को थाना जूनी इन्दौर के सहा. उप निरीक्षक गजेन्द्र सिंह यादव को संदिग्धो की चेकिंग एवं अवैध मादक पदार्थो पर अंकुश लगाये जाने पर बीट भ्रमण के दौरान वासुदेव नगर मेन गेट के पास खाली प्लाट बस स्टाप पर एक संदिग्ध महिला एवं पुरुष बैठे दिखे, एक अन्य व्यक्ति बस स्टैंड पर आया तो महिला के पास रखे बैग को उस व्यक्ति को सौप रही थी इसके बदले में रुपये महिला से साथ जो आदमी खड़ा था उसे दे दिये । यह घटना अत्यंत संदिग्ध लगी जिसे तत्काल घेराबंदी कर पकड़ा । बैग को चेक करने पर उस बैग में 2 किलो अवैध गांजा होना पाया जिसे मौके पर ही विधिवत जप्त किया गया ।

पुलिस द्वारा तीनो को पकडकर नाम पता पूछने पर अपना नाम (1.) नीता मथरिया उम्र 32 साल निवासी मायापुरी, थाना माधवनगर उज्जैन हाल निवास – तिरुपती धाम कालोनी कानीपुरा थाना चिमनगंज उज्जैन (2.) सोनू उर्फ बब्लू सूर्यवंशी उम्र 34 साल निवासी मक्सी रोड थाना माधवनगर उज्जैन (3.) कपिल यादव उम्र 28 साल निवासी रामपुरा ग्राम अवरकक्ष थान मेनगाँव जिला खरगोन, हाल मुकाम - संतनगर इन्दौर का बताया। पूछताछ करते नीता और सोनू द्वारा गांजा कपिल को बेचने के उद्देश्य से उज्जैन से लाना बताया । जिसे मौके पर ही विधिअनुसार जप्ती की कार्यवाही कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है । आरोपियों के विरुद्ध विवेचना के आधार पर अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है तथा अवैध मादक पदार्थ गाँजा के नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जा रही हैं। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी जूनी इन्दौर निरीक्षक अनिल कुमार गुप्ता, सहा. उप निरी. गजेन्द्र सिंह यादव, प्रधान आरक्षक मुकेश गायकवाड़, आरक्षक श्याम मालवीय, विवेक प्रजापति, त्रिलोक सिंह, रमनसिंह, योगेश जाट, जामसिंह भँवेल की सराहनीय भूमिका रही ।

# अवैध मादक पदार्थ MD ड्रग्स तस्करों को पकड़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 03 पुलिस अधिकारी/कर्मचारी सहित बेहतर पुलिसिंग करने वाले कुल 08 पुलिसकर्मी हुए सम्मानित

•पुलिस कमिश्नर इंदौर ने पुलिसिंग के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 08 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार से पुरस्कृत कर, की उनकी सराहना। इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में आम नागरिकों के लिए बेहतर पुलिसिंग को ध्यान मे रखते हुए, इसके लिए अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी/कर्मचारियों के उत्साहवर्धन हेतु पुलिस कमिश्नर इंदौर के निर्देशन मे साप्ताहिक कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसके तहत ऐसे अधिकारी/कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जा रहा है, जिन्होंने पुलिसिंग के अपने कर्तव्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया हो।

साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम के अंतर्गत आज दिनांक 04.03.25 को पलासिया स्थित कार्यालय में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वाले निम्न 08 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार से सम्मानित कर बधाई दी और उन्हें आगे भी ऐसे ही बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस आयुक्त (का./व्य.) श्री अमित सिंह व उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी पुरस्कृत पुलिसकर्मियों के कार्य की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया।

पुरुस्कृत पुलिसकर्मी-

• श्री करणदीप सिंह (आईपीएस), प्र.आर. 1525 प्रदीप कुमार पटेल - थाना आजाद नगर, आर. 1528 अरुण घुरैया – थाना तेजाजी नगर

- अवैध मादक पदार्थो एमडी ड्रग के विरुध्द प्रभावी कार्यवाही करते हुए 02 आरोपियो को गिरफ्तार कर, उनसे 200 ग्राम एमडी ड्रग्स कीमती लगभग 02 करोड रुपये की जप्त करने मे सराहनीय भूमिका पर।

• आर 1105 शैलेंद्र चतुर्वेदी, आर 2429 विनित राजपुत – थाना भवंरकुआ – रात्री मे फरियादी से हुई लुट के मामले का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार करने एवं माल मश्रुका जप्त करने मे सराहनीय योगदान के लिए।

• प्र.आर 3159 निलेश बघेल, आर 3883 धर्मेंद्र सोनगरा –थाना द्वारकापुरी– मोबाईल लुटकर भागने वाले आरोपियो का पीछा कर पकडने मे सराहनीय कार्यवाही के लिए।

• आर 1345 हिमांशु सिसोदिया –थाना अपराध शाखा– सीनियर सिटीजन एवं पेशन धारियों के साथ सायबर फॉड करने वाले आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर वारदात मे प्रयुक्त होने वाली सामग्री जप्त करने मे सराहनीय कार्यवाही के लिए।

# इस मैच का दबाव पाकिस्तान वाले मैच जैसा ही था : विराट कोहली

**दुबई, एजेंसी।** दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल मुकाबले में भारत की जीत में विराट कोहली की पारी का महत्वपूर्ण रोल रहा। ऑस्ट्रेलिया से मिले 265 रन के लक्ष्य के बाद विराट ने 98 गेंदों पर 5 चौकों की मदद से 84 रन बनाए। मुकाबले के दौरान विराट ने ज्यादातर सिंगल-डबल पर ही फोक्स किया। मैच खत्म होने के बाद उन्होंने इस पर बात भी की।

प्लेयर ऑफ द मैच बने विराट ने कहा कि यह मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे दिन के समान ही था। यह परिस्थितियों को समझने और स्ट्राइक रोटेट करने के बारे में है क्योंकि इसकी पिच पर साझेदारियां महत्वपूर्ण होती हैं। यह सब परिस्थितियों पर निर्भर करता है। आज भी ऐसा किया। इसे समझकर अपनी पारी खेली। मेरी टाइमिंग, क्रीज पर मेरा संयम ठीक रहा। मैं जल्दबाजी में नहीं था। कोहली ने कहा कि मैच के दौरान जब मैं



सिंगल ले रहा था तो यह मेरे लिए सबसे सुखद हिस्सा था। यह खेल पूरी तरह दबाव का था।

यदि आप खेल में गहराई तक जाते हैं, तो प्रतिद्वंद्वी आमतौर पर हार मान लेते हैं। आपको अपनी भावनाओं पर काबू रखना होगा। भले ही रन रेट 6 प्रति ओवर हो, मुझे कोई परेशानी नहीं है। क्या यह अब तक आपकी बेस्ट पारी थी, सवाल पर विराट ने कहा कि मुझे नहीं पता। इसे तोड़ना आप लोगों पर निर्भर है। मैंने कभी भी उन चीजों पर ध्यान केंद्रित नहीं किया है। जब आप उन मील के पत्थर के बारे में नहीं सोचते, तो वे घटित होते हैं। अगर मैं 3 अंकों के आंकड़े तक पहुंच जाता तो बहुत अच्छा होता लेकिन जीत महत्वपूर्ण है। मेरे लिए अब वो चीजें मायने नहीं रखतीं। बता दें कि टीम इंडिया ने चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में जगह बना ली है। वनडे विश्व कप 2023 के फाइनल की उपविजेता, 2024 टी20 विश्व कप की विजेता टीम इंडिया अब चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के खिताब की भी दावेदार हो गई है। टीम इंडिया ने दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए सेमीफाइनल मुकाबल में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हरा दिया है। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलियाई टीम ने स्टीव स्मिथ और एलेक्स कैरी के अर्धशतकों की बदौलत 264 रन बनाए थे।

जवाब में भारतीय टीम ने 43 रन पर दोनों ओपनर्स गंवा दिए। लेकिन इसके बाद श्रेयस अय्यर ने 45 तो विराट कोहली ने 84 रन बनाकर टीम को अच्छी स्थिति में पहुंचाया। अंत में हार्दिक पांड्या (28) के साथ केएल राहुल (42 नाबाद) ने बड़ी हिट लगाकर भारत की झोली में मैच डाल दिया। अब रोहित शर्मा के पास बतौर कप्तान दूसरा आईसीसी टूर्नामेंट्स जीतने का मौका बन गया है।

# रोहित की कप्तानी में भारत चौथी बार ICC Final में



**दुबई, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी में टीम इंडिया चौथी बार आईसीसी टूर्नामेंट्स के फाइनल में पहुंच गई है। सबसे पहले यह सिलसिला 2021 में शुरू हुआ था जब विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल 2023 में पहुंची थी। इसके बाद 2023 वनडे विश्व कप फाइनल और 2024 टी20 विश्व कप फाइनल की बारी आई।

अब रोहित की कप्तानी में टीम इंडिया चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतार चढ़ाव भरे सेमीफाइनल मुकाबले में जीत हासिल करने के बाद रोहित भी खुश दिखे। रोहित ने मैच की स्थितियों पर बात करते हुए कहा कि आखिरी गेंद फेंके जाने तक कुछ भी निश्चित नहीं था। आधे चरण में हमें लगा कि यह उचित स्कोर है। पिच की प्रकृति आपको शॉट खेलने की इजाजत नहीं देती। हम बल्ले से अच्छे थे। हम अपने लक्ष्य का पीछा करने में शांत और संयमित थे। आज पिच बेहतर दिख रही थी।

इसने न्यूजीलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में थोड़ा बेहतर खेला। यह अच्छा क्रिकेट खेलने के बारे में है। हमारे पास बहुत सारे अनुभवी लोग हैं। यह कुछ ऐसा है जो मैं चाहता था। हमारे पास 6 गेंदबाजी विकल्प थे साथ ही बल्लेबाजी में गहराई भी। इसका श्रेय उन सभी को जाता है जो टीम बनाने में शामिल थे। उसने कई वर्षों तक ऐसा किया है।

रोहित ने कहा कि जब हम बल्लेबाजी कर रहे थे तो हम शांत थे। आखिर में हार्दिक के वो शॉट अहम थे। जब आप फाइनल में होते हैं, तो आप चाहते हैं कि सभी खिलाड़ी फॉर्म में हों। इन सभी लोगों ने प्रभाव डाला है.

### सेमीफाइनल जीत के बाद आलोचकों पर भड़के गंभीर, कही दो टूक



# मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता...

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय टीम ने आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में एंट्री कर ली है. उसने मंगलवार (4 मार्च) को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हुए सेमीफाइनल मुकाबले में 4 विकेट से जीत दर्ज की. यह मैच दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला गया. मैच में विराट कोहली ने 84 रनों की मैच विनिंग पारी खेली. इस शानदार जीत के बाद भारतीय कोच गौतम गंभीर प्रेस कॉन्फ्रेंस में आए. इस दौरान उन्होंने टीम सेलेक्शन और बैटिंग ऑर्डर को लेकर जवाब दिया. जबकि कुछ सवालों पर वो भड़के भी. साथ ही गंभीर ने इस दौरान कोहली, केएल राहुल का भी सपोर्ट किया.

टीम सेलेक्शन के सवाल पर गंभीर ने कहा, मुझे कोई फर्क नहीं पड़ता. मेरा काम है 140 करोड़ भारतीयों, खिलाड़ी और ड्रेसिंग रूम के साथ वफादार रहना. मुझे नहीं फर्क पड़ता कि लोग क्या बात कर रहे हैं, क्या बोल रहे हैं. उनका क्या एजेंडा है. आखिर में मुझे सिर्फ इसी बात से फर्क पड़ता है कि मैं अपनी नौकरी को लेकर कितना वफादार हूं. क्योंकि इससे मैं शांति से रह सकता हूं. क्रिकेट इसी तरह खेला भी जाना चाहिए. हम इसी तरह खेलते भी रहेंगे. हम जानते हैं कि अक्षर में क्या क्वालिटी और एबिलिटी है. हम उसे 5वें नंबर पर मौका देते रहेंगे ताकी वह अच्छा प्रदर्शन करता रहे.

## हम अक्षर को 5वें नंबर पर भेजते रहेंगे

स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल को पांचवें नंबर पर बैटिंग के लिए भेजा जा रहा है. उनके बाद केएल राहुल और हार्दिक पंड्या जैसे प्लेयर आते हैं. अक्षर ने सेमीफाइनल में 27 रनों की अहम पारी खेली. इस ऑर्डर को लेकर गंभीर ने अक्षर का सपोर्ट किया और कहा, मैंने पहले भी कहा है कि लोग क्या कहते हैं मैं इसकी परवाह नहीं करता. मेरा मानना है कि वो क्वालिटी प्लेयर है और यही खास बात है.

# कोरियर सर्विस के माध्यम से मलेशिया देश भेजे जाने वाले पार्सल में MDMA ड्रग्स का झूठ बोलते हुए सीनियर सिटीजन रिटायर्ड प्रोफेसर आवेदक को डिजिटल अरेस्ट कर ठगे 33 लाख रुपए

इंदौरः– क्राईम ब्रांच इंदौर पुलिस के द्वारा लगातार ऑनलाइन फ्रॉड के प्रकरणों में कार्यवाही की जा रही है, इसी अनुक्रम में इंदौर के निवासी एजुकेशन विभाग से रिटायर्ड सीनियर सिटीजन आवेदक मनोज (परवर्तीत नाम) के द्वारा शिकायत की गई थी। जिसमे सीनियर सिटीजन आवेदक के द्वारा बताया कि मुझे एक अंजान कॉल आया जिसमें कॉलर ने अपना परिचय फेड-एक्स के आधिकारी के रुप में दिया और आवेदक से कहा कि आपके नाम से एक पार्सल दिल्ली से मलेशिया देश कि लिए डिस्पैच हुआ था जिसको दिल्ली एयरपोर्ट पर कस्टम अधिकारियों के द्वारा रोक लिया गया है , आपके नाम के पार्सल में कुछ ई–लीगल आईटम्स जैसे 36 पासपोर्ट एंव MDMA ड्रग्स 140 ग्राम आदि सामान मिला है जो कि गैरकानूनी नशीला पदार्थ है , जिसके जवाब में मेरे द्वारा उनको यह बताया गया कि मेरे द्वारा ऐसा कोई भी पार्सल नहीं भैजा गया है जिसके बाद उन्होनें मुझसे कहा कि मेरा आधार कार्ड पार्सल से लिंक होना पाया गया है ,क्योकिं मेरे द्वारा उन्हे यह आश्वासन दिया गया है कि उन्होने मुझसे कहा कि कोई मेरे आधार कार्ड का गलत इस्तेमाल कर रहा है जिसकि कंप्लेन आपको दिल्ली साईबर क्राईम करनी होगी , उनके द्वारा मुझसे इजाजत लेते हुये मेरे कॉल को दिल्ली साईबर क्राईम में ट्रांसफर कर दिया, जिसके बाद कॉलर नें कॉल उठा कर अपना परिचय मुझे दिल्ली साईबर क्राईम के आधिकारी के रुप में दिया एंव मुझसे मेरी शिकायत के बारे में पूछा जिसके जवाब मेरे द्वारा उन्हो पूरी स्थीति बताई गई, मेरी पूरी स्थिती सुनकर उन्होने मुझे दिल्ली आने को कहा क्योंकि दिल्ली जाना मेरे लिय अभी असंभव था तो उनके द्वारा मुझे मेरी कंपलेन ऑनलाईन करने को कहा जिसके लिए उन्होने मुझे व्हाट्सएप विडियो कॉल पर दर्ज करेंगे जिसके बाद उनके द्वारा व्हाट्सएप पर विडियो कॉल किया गया, कॉल के शुरु होते ही उन्होने अपनी परिचय दिल्ली साईबर क्राईम के अधिकारी के रुप मे दिया एवं इनके द्वारा मुझे मेरा आधार कार्ड का फोटो मांगा जो उन्होने वेरीफाई किया जिसके बाद उन्होने मुझसे कहा कि हम आपका आधार कार्ड चेक कर रहे है , उन्होने मुझसे कहा कि आपका आधार कार्ड कई बैंकों के खातों से लिंक पाया गया है और यह खाता मनी लॉडरींग के लिए इस्तेमाल किया जाता है एंव उनके द्वारा मुझे बताया गया कि उक्त बैंक के खातो में करोड़ो रुपयों कि मनी लॉन्ड्रिंग हुई जिसमें से मुझे भी उन पैसों का हिस्सा प्राप्त हुआ है , मेरे द्वारा उनको बताया गया कि मुझे उनके द्वारा बताई गई किसी भी जानकारी के बारे में कुछ नहीं पता है जिसके बाद उन्होनें मुझसे कहा कि लोगो कि जानकारीयों का गलत इस्तेमाल क्रिमिनल्स के द्वारा किया जाता है यदि आप कॉपरेट करती हो तो हम आपको आपकी निर्दोष साबित करने में मदद करेगें, मुझसे मेरे अकाउंट का बैलेंस पुछा गया और मुझसे कहा गया कि , हमारे RBI के अधिकारी आपके इन पैसों का विश्लेषण करेंगे और मेरे द्वारा उनके दिये हुये खाता से कुल 33 लाख रुपये ट्रांसफर किये गये।

# Education special



# लॉ ग्रेजुएशन करने के बाद इंटरेस्ट के अनुसार चुनें करियर ऑप्शन

लॉ के छात्रों के पास वैसे तो कई सारे करियर ऑप्शन हैं, पर अपने इंटरेस्ट के अनुसार एक ऑप्शन चूज करना बहुत महत्वपूर्ण होता है। परंपरागत रूप से कानून के छात्रों से ग्रेजुएशन स्तर की पढ़ाई पूरी करने के बाद मुकदमेबाजी की प्रैक्टिस करने की अपेक्षा की जाती थी। हालाँकि, समय के साथ लॉ में करियर के अवसर बढ़े हैं, जिसने युवाओं को भारत में लॉ को करियर विकल्प के रूप में चुनने के लिए प्रेरित किया है। आइए जानते हैं इनके बारे में।

## जज

वकील के अलावा छात्रों के पास जज बनने का भी एक बेहतरीन अवसर होता है। जज बनने के लिए आपको उस राज्य में होने वाली जुडिशरी की परीक्षा को पास करना होता है। यह एक बहुत ही प्रतिष्ठित करियर विकल्प है। न्यायाधीश के रूप में आपके ऊपर क़ानूनी व्यवस्था को सँभालने और उसे लागू करने, महत्वपूर्ण कानूनी निर्णय लेने की जिम्मेदारी होती है।

## कॉर्पोरेट वकील

अगर आपको बड़े कॉरपोरेट हाउस में काम करने का मन है, तो आप कॉरपोरेट लॉयर बनकर अपना सपना पूरा कर सकते हैं। कॉर्पोरेट वकील व्यवसायों को उनके कानूनी अधिकारों, दायित्वों और लेनदेन पर सलाह देते हैं। वे सीधे निगमों के लिए या कॉर्पोरेट कानून में विशेषज्ञता वाली कानून फर्मों के लिए काम कर सकते हैं। आपके अनुभव के अनुसार इसमें आपको सैलरी भी काफी अच्छी मिलती है।

## लिटिगेशन/ट्रायल वकील

अगर आप कोर्ट में जाकर अपनी वकालत प्रेक्टिस करना चाहते हैं तो आप ट्रायल वकील बन सकते हैं। ट्रायल वकील सिविल और क्रिमिनल मुकदमों में क्लाइंट का प्रतिनिधित्व करते हैं और अदालत में उनकी ओर से वकालत करते हैं। हाई-प्रोफाइल मामलों को संभालने से आपको पैसे और शोहरत दोनों मिलती हैं। कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू करने से पहले आपको अपनी रूक्क खत्म करने के बाद ऑल इंडिया बार काउंसिल की परीक्षा पास करनी होती है और फिर उसके बाद अपने संबंधित राज्य में उसके बार काउंसिल में रजिस्ट्रेशन कराना होता है।

## सरकारी वकील

सरकारी वकील सरकार की तरफ से केस लड़ते हैं। वे स्थानीय, राज्य या संघीय स्तर पर विभिन्न सरकारी एजेंसियों के लिए काम करते हैं। वे कानूनी मामलों पर सलाह देते हैं और मुकदमेबाजी में सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं।



## अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन

अल्टरनेटिव डिस्प्यूट रेजोल्यूशन एक तरीका है जिसमें विवादों को सुलझाने के लिए कोर्ट के बाहर के विकल्पों का उपयोग किया जाता है। इसमें कोर्ट की लंबी प्रक्रिया और लागत से बचा जा सकता है। इसके तहत कई प्रकार के तरीके शामिल होते हैं, जैसे मीडिएशन और आरबिट्रेशन। इसका उद्देश्य विवाद को जल्दी से सुलझाना होता है। इसमें आप एक मिडिएटर के रूप में काम कर सकते है।



## कंटेंट राइटर

अनुभव और एक मजबूत पोर्टफोलियो वाले कानून के छात्रों के लिए लीगल कंटेंट राइटिंग एक प्रोमिसिंग और डायनामिक करियर ऑप्शन है। इसमें आपको काफी हाई पेइंग जॉब्स मिल जाते हैं जो आपके एक्सपीरियंस के अनुसार बढ़ती रहती है। आप सब्जेक्ट मैटर एक्सपर्ट बन सकते हैं। इसके साथ-साथ आप लीगल कंसलटिंग और जर्नलिज्म में भी काम कर सकते हैं।

## लीगल एडवाइजर

लीगल एडवाइजर के रूप में आप व्यवसायों और संगठनों को कानूनी मामलों पर एक्सपर्ट एडवाइस प्रदान करते हैं। आप इंडिपेंडेंट या कंसल्टेंसी फर्म के जरिए काम कर सकते हैं। लीगल एडवाइजर्स की आज के टाइम में बहुत ज्यादा डिमांड है। सभी बिजनेस को विभिन्न कानूनी मुद्दों पर विशेष ज्ञान और मार्गदर्शन की आवश्यकता होती है।

## लॉ प्रोफेसर

लॉ प्रोफेसर लॉ स्कूलों में पढ़ाते हैं और लीगल रिसर्च करते हैं। टीचिंग हमेशा से एक नोबल प्रोफेशन रहा है और आप एक लॉ टीचर बन के छात्रों के साथ हमेशा जुड़े रह सकते हैं और उन्हें सही मार्गदर्शन दे सकते हैं। सरकारी कॉलेज में टीचर की सैलरी पैकेज भी बहुत अच्छे होते हैं।

## जज एडवोकेट जनरल अधिकारी

यदि आपका सपना इंडियन आर्म्ड फोर्सज ज्वाइन करने का है तो आप लॉ की पढ़ाई के बाद भी इसे ज्वाइन कर सकते हैं। आप जज एडवोकेट जनरल बनकर सेना में शामिल हो सकते हैं। भारतीय सेना का JAG अधिकारी मेजर होता है जो सेना के कानूनी और न्यायिक प्रमुख के रूप में कार्य करता है। एक JAG अधिकारी सैन्य कानून या नीतियों की व्याख्या और उन्हें लागू करने में कोर्ट-मार्शल के पीठासीन अधिकारियों की मदद करता है।



# इंजीनियरिंग के किस सेक्टर मे है सबसे ज्यादा सैलरी

**अगर आप भी करना चाहते हैं इंजीनियरिंग तो यह खबर आपके लिए है। बीटेक कंप्यूटर साइंस या आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस किस कोर्स को करना बेहतर होगा। किस इंजीनियरिंग सेक्टर मे सबसे ज्यादा सैलरी है आइए जानते हैं।**

12वीं पास छात्र इंजीनियरिंग में करियर बनाने का सपना देख रहे हैं। लेकिन समझ नहीं आ रहा किस ब्रांच का चुनाव करना सही है। चिंता छोड़िए और हम आपको बताएंगे कि बीटेक कंप्यूटर साइंस या आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस किस कोर्स को करना बेहतर होगा। बीटेक कंप्यूटर साइंस के साथ अब बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स भी मार्केट में काफी डिमांड में है। किस इंजीनियरिंग सेक्टर मे सबसे ज्यादा सैलरी है आइए जानते हैं।

## बीटेक कंप्यूटर साइस

अगर आप इंजीनियरिंग में करियर बनाना चाहते हैं तो आप कंप्यूटर एप्लीकेशन, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और डेटा बेस एनालिसिस के लिए बीटेक कंप्यूटर साइस कोर्स कर सकते हैं।

## बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

जब से आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आया तब से इसकी काफी डिमांड हो गई है। आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस के जरिए लोग फोटो, लिखना और वॉइस आवाज निकाल रहे हैं। इसकी मांग काफी बढ़ रही है। कई टॉप इंजीनियरिंग कॉलेज में बीटेक आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोटिक्स जैसे कोर्स शुरु किए गए हैं।

## किस कोर्स में सबसे ज्यादा कमाई

आज के समय को देखा जाए तो बीटेक कंप्यूटर साइंस डिग्री वालों को हाई सैलरी पर नौकरी मिलती है। वहीं, आने वाले समय में बीटके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की डिमांड बढ़ने वाली है। आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस की जानकारी रखने वाले को लाखों का पैकेज मिल सकता है।

## कौन कोर्स बेस्ट?

12वीं के बाद छात्रों को टॉप इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटके कंप्यूटर साइंस या आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस का कोर्स कर सकते हैं। जानकारी के लिए बता दें कि आर्टिफिशयस इंटेलिजेंस के कई शॉर्ट टर्म कोर्स भी शुरु किए हैं। जिसे आप कर सकते हैं और आपको नौकरी मिल जाएगी।

